दूरभाष सं0 05852–223112
upjnrhardoi@upjn.co.in
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।

पत्रांक : 2250 / वि-3 / 18 दिनांक : 11 /05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **वेब मीडिया हिन्दुस्तान चैनल पर दिनांक 10.05.2026 को "चार साल में भी नहीं बन पायी पानी की टंकी" शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वेब मीडिया हिन्दुस्तान पर दिनांक 10.05.2026 को "चार साल में भी नहीं बन पायी पानी की टंकी" शीर्षक से प्रकाशित खबर का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर विकास खण्ड बिलग्राम में कराये जा रहे ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यों से सम्बन्धित है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड बिलग्राम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 50 योजनायें (फेज–2 में 12 एवं फेज–3 में 38) स्वीकृत है। विकास खण्ड बिलग्राम में 50 नग नलकूप, 50 नग पम्प हाउस, 50 नग अवर जलाशय, 45 नग सोलर सिस्टम, 05 विद्युत आधारित, 666.75 किमी. वितरण प्रणाली, 32609 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 50 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 50 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 26 नग (अवशेष कार्य प्रगति पर)
- सोलर सिस्टम : 45 नग पूर्ण
- वितरण प्रणाली : 652.56 किमी0 पूर्ण (अवशेष कार्य प्रगति पर)
- पेयजल गृह संयोजन : 26196 नग पूर्ण (अवशेष कार्य प्रगति पर)

विकास खण्ड बिलग्राम में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु कुल 243.339 किमी0 (बी0ओ0ई0 148.034 किमी0, इण्टरलॉकिंग 45.793 किमी0, सी0सी0 47.174 किमी0, बिटुमिन 2.436 किमी0) सड़क डिस्मेन्टल की गयी थी जिसके सापेक्ष 227.532 किमी0 (बी0ओ0ई0 141.442 किमी0, इण्टरलॉकिंग 43.995 किमी0, सी0सी0 39.869 किमी0, बिटुमिन 2.324) सड़क की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 15.807 किमी0 सड़क की पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त तत्समय ही मोटरेबल करा दिया गया था जिसकी स्थाई सड़क पुर्नस्थापना का शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

"ग्राम पंचायत बेहटा बुजुर्ग, निजामपुर, भोगैतापुर, बैफरिया, तरौली, बसहर, कुतुलूपुर सहित लगभग बिलग्राम ब्लॉक के करीब 70 फीसदी गांव में पेयजल को लेकर संकट पैदा है", के सम्बन्ध में निम्नानुसार अवगत कराना है :

**1. बेहटा बुजुर्ग**: जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बेहटा बुजुर्ग ग्रामीण पेयजल योजना (फेज–3) स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 01 ग्राम पंचायत एवं उसके समस्त मजरे सम्मिलित है। उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय, 9.366 किमी. वितरण प्रणाली, 397 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 01 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 01 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 01 नग (स्लैब लेवल तक पूर्ण एवं अवशेष कार्य प्रगति पर)
- वितरण प्रणाली : 8.655 किमी0 पूर्ण (अवशेष पाइप लाइन एवं ज्वाइंटिंग का कार्य प्रगति पर)

- पेयजल गृह संयोजन : 288 नग पूर्ण (अवशेष कार्य प्रगति पर)

उक्त योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु कुल 3.219 किमी0 (बी0ओ0ई0 1.799 किमी0, इण्टरलॉकिंग 1.320 किमी0, सी0सी0 0.100 किमी0) सड़क डिस्मेन्टल की गयी थी जिसके सापेक्ष 2.619 किमी0 (बी0ओ0ई0 1.499 किमी0, इण्टरलॉकिंग 1.120 किमी0) सड़क की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 0.60 किमी0 सड़क की पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त तत्समय ही मोटरेबल करा दिया गया था जिसकी स्थाई सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

यहां यह भी अवगत कराना है कि बेहटा बुजुर्ग में 02 मजरे सम्मिलित है जिनमें बेहटा बुजुर्ग में आंशिक रूप से पेयजलापूर्ति की जा रही है एवं सरवनखेड़ा में गंगा एक्सप्रेसवे क्रासिंग न होने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने तथा क्रासिंग होने के पश्चात सरवनखेड़ा में भी पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। वर्तमान में अवर जलाशय का कार्य Slab Level तक पूर्ण होने के कारण योजना से सीधे नलकूप के माध्यम से आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है। अवर जलाशय के जिंक एलम् टैंक इरेक्शन का कार्य पूर्ण होने तथा पाइप लाइन ज्वाइंटिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजनान्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति चालू करा दी जायेगी।








2. **निजामपुर** : जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चांदपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (फेज–3) स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 02 ग्राम पंचायत (बेरूआ निजामपुर एवं चांदपुर) एवं उसके राजस्व ग्राम व मजरे सम्मिलित है। उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 11.414 किमी. वितरण प्रणाली, 488 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 01 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 01 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 01 नग पूर्ण
- सोलर सिस्टम : 01 नग पूर्ण
- वितरण प्रणाली : 11.414 किमी0 पूर्ण
- पेयजल गृह संयोजन : 488 नग पूर्ण

उक्त योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु कुल 3.637 किमी0 (बी0ओ0ई0 3.637 किमी0) सड़क डिस्मेन्टल की गयी थी जिसके सापेक्ष 3.419 किमी0 (बी0ओ0ई0 3.419 किमी0) सड़क की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 0.218 किमी0 सड़क की पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त तत्समय ही मोटरेबल करा दिया गया था जिसकी स्थाई सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। वर्तमान में योजनान्तर्गत समस्त ग्राम राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
















**3. भौगैतापुर** : जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भौगैतापुर ग्रामीण पेयजल योजना (फेज–3) स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत एवं उसके मजरे सम्मिलित है। उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 13.541 किमी. वितरण प्रणाली, 505 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 01 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 01 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 01 नग (स्लैब लेबल तक पूर्ण अवशेष कार्य प्रगति पर)
- सोलर सिस्टम : 01 नग पूर्ण
- वितरण प्रणाली : 12.712 किमी0 पूर्ण (अवशेष पाइप लाइन एवं ज्वाइंटिंग का कार्य प्रगति पर)
- पेयजल गृह संयोजन : 177 नग पूर्ण (अवशेष कार्य प्रगति पर)

उक्त योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु कुल 3.336 किमी0 (बी0ओ0ई0 3.056 किमी0, इण्टरलॉकिंग 0.280 किमी0) सड़क डिस्मेन्टल की गयी थी जिसके सापेक्ष 2.447 किमी0 (बी0ओ0ई0 2.247 किमी0) सड़क की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 0.889 किमी0 सड़क की पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त तत्समय ही मोटरेबल करा दिया गया था जिसकी स्थाई सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। वर्तमान में पाइप लाइन बिछाये जाने एवं ज्वाइंटिंग का कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत अवशेष कार्य पूर्ण कर सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।






**4. बैफरिया, तरौली, बसहर, कुतुलूपुर** : जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बैफरिया ग्राम समूह पेयजल योजना (फेज–3) स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 03 ग्राम पंचायत (तरौली, बसहर कुतुलूपुर, बैफरिया) एवं उसके राजस्व ग्राम व मजरे सम्मिलित है। उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 17.046 किमी. वितरण प्रणाली, 1034 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 01 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 01 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 01 नग पूर्ण
- सोलर सिस्टम : 01 नग पूर्ण
- वितरण प्रणाली : 16.486 किमी0 पूर्ण (अवशेष पाइप लाइन एवं ज्वाइंटिंग काकार्य प्रगति पर)
- पेयजल गृह संयोजन : 1001 नग पूर्ण (अवशेष कार्य प्रगति पर)

उक्त योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु कुल 7.458 किमी0 (बी0ओ0ई0 3.336किमी0, सी0सी0 3.415 किमी0, बिटुमिन 0.707 किमी0) सड़क डिस्मेन्टल की गयी थी जिसके सापेक्ष 6.204 किमी0 (बी0ओ0ई0 2.872 किमी0, सी0सी0 2.675 किमी0, बिटुमिन 0.657 किमी0) सड़क की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 1.254 किमी0 सड़क की पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त तत्समय ही मोटरेबल करा दिया गया था जिसकी स्थाई सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। वर्तमान में योजनान्तर्गत सम्मिलित 06 राजस्व ग्रामों में से 02 राजस्व ग्राम (बैफरिया एवं तरौली) में पेयजलापूर्ति की जा रही है अवशेष 04 ग्राम राजस्व ग्राम (अहिरनपुरवा, बसहर, कंजरपुरवा एवं कुतुलूपुर) में गंगा एक्सप्रेसवे क्रासिंग के कारण जलापूर्ति बाधित है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने तथा क्रासिंग होने के पश्चात दोनों ग्रामों में भी पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। योजना वर्तमान में टेस्टिंग फेज में है एवं टेस्टिंग के दौरान पाइप लाइन में हुये लीकेज की मरम्मत तत्काल करा दी जाती है।














विकास खण्ड बिलग्राम के 112 राजस्व ग्रामों में से 90 राजस्व ग्रामों में नियमित एवं आंशिक रूप से पेयदजलापूर्ति की जा रही है तथा अवशेष राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। यहां यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्य मार्च, 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिया जायेगा।

अतः आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

11/05/2026

(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. श्री ब्रजभान प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता/श्री रामशंकर, जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराकर पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हरदोई को इस निर्देश के साथ कि प्रश्नगत ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को फोटोग्राफ सहित अवगत करायें।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को इस निर्देश के साथ कि प्रश्नगत ग्राम पंचायतों में अपनी टीम के साथ प्रतिदिन भ्रमण कर कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

अधिशासी अभियन्ता